# INDIAN SCHOOL SOHAR
## PERIODIC TEST-II (2022-23)

विषय- हिंदी (पाठ्यक्रम-ब)

विषय कोड- 085

**कक्षा : X** | **अधिकतम अंक : 80**

**दिनांक : 27/09/2022** | **समय : 3 घंटे**

---

**सामान्य निर्देश :**

* इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खंड हैं – खंड ‘क’, ‘ख’, ‘ग’ और ‘घ’ ।

* इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं।

* सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

* दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

* प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।

---

## खंड-क (अपठित बोध)

**प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** (1x5)

‘उतने पाँव पसारिए, जितनी लंबी चादर’ यह कहावत बहुत सार्थक है। भविष्य को सार्थक बनाने के लिए यह आवश्यक है कि आय का एक अंश नियमित रूप से बचाया जाए जिससे आगे आने वाली आवश्यकताओं की पूर्ति सरलता से हो सके। इस तरह सीमित खर्च करने वाला व्यक्ति मितव्ययी कहलाता है। अनावश्यक व्यय करके धन का दुरुपयोग करना फिजूलखर्च माना जाता है। वास्तव में मितव्ययता ही बचत और संचय की कुंजी है। मनुष्य के जीवन में जो आदतें बचपन में पड़ जाती हैं वे जीवनभर किसी न किसी रूप में बनी रहती हैं। इसलिए बचपन में ही मितव्ययता और बचत की आदतों का विकास आवश्यक है। कुछ बालक जेबखर्च के लिए मिले धन से भी बचत करते हैं। पैसा बचाकर अपनी-अपनी गुल्लक जल्दी-जल्दी भरने की उनमें होड़ लगी रहती है। कहा भी गया है कि बूँद-बूँद से सागर भरता है और एक-एक पैसा एकत्र करने से धन का संचय होता है। देश के आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास के लिए शासन को धन चाहिए। धन प्राप्त करने के साधनों में जनता पर लगाए गए कर, सरकारी उद्योगों का उत्पादन, निर्यात आदि मुख्य हैं। एक अन्य महत्त्वपूर्ण साधन बैंकों तथा डाकघरों में संचित वह धनराशि है, जिसे नागरिक राष्ट्रीय बचत योजनाओं के अंतर्गत जमा करते हैं। राष्ट्रीय विकास के कार्यक्रमों में शासन इस संचित धनराशि का उपयोग सरलता से करता है। शासन की ओर से नगरों और गाँवों में बैंकों और डाकघरों की शाखाएँ खोली गई हैं। इनमें लोगों के द्वारा बचत किया गया धन जमा करने की सुविधा दी जाती है। इस विषय में डाकघरों की सेवाएँ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

**प्रश्न –**

(i) भविष्य को सुखमय बनाने के लिए लेखक ने क्या उपाय सुझाए हैं ?

(ii) बच्चों में बचत की आदत के विकास के लिए क्या-क्या उपाय करने चाहिए ?

(iii) प्रस्तुत गद्यांश से आपको क्या सीख मिलती है ?

(iv) हम देश के विकास में किस प्रकार सहयोग देते हैं ?

(v) मितव्ययी और अपव्ययी व्यक्ति में क्या अंतर होता है ?

**प्रश्न-2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** (1x5)

एक हरे-भरे पेड़ पर बहुत सुंदर फूल और फल लगते थे। उसकी सुंदरता और संपन्नता के कारण सारे पक्षी उस पर घोंसला बनाकर रहते थे। वृक्ष भी खुशी-खुशी उन्हें आश्रय और भोजन देता था। आते-जाते मुसाफिरों को वह शीतल छाया देता, जिसमें दो घड़ी रुककर वे अपनी थकान दूर कर लेते थे। पेड़ के आस-पास हमेशा रौनक रहती थी और पेड़ को सभी की मदद करके गर्व भरा

एहसास होता था। लेकिन समय गुजरने के साथ-साथ पेड़ पर नए पत्ते और फल-फूल आने कम हो गए। ऐसा होने पर पक्षियों ने पेड़ पर आना बंद कर दिया। उन्हें लगा कि अब पेड़ पर हरियाली नहीं है और शाखाएँ भी सूख गई हैं। छाया न होने पर मुसाफिरों ने भी वहाँ रुकना बंद कर दिया। पेड़ दुखी हो गया। वह सोचता था कि उम्रभर सबकी मदद करता रहा, किन्तु वृद्धावस्था में सभी ने मुझको छोड़ दिया। एक दिन एक सज्जन उधर से गुजरे। उन्हें सिद्धिप्राप्त थी। वे सबके भावों और बोली को समझ सकते थे। उन्हें पेड़ के दुख का एहसास हुआ उनके द्वारा पूछने पर पेड़ ने अपनी पीड़ा बयान की –"आजीवन मुझसे पशु-पक्षी और मनुष्य लाभान्वित हुए, किन्तु बुढ़ापे में सभी ने नजरें फेर लीं और कुछ लोग तो मुझे काटने की बात कर रहे हैं।" यह सुनकर सज्जन बोले- "तुम अपने सोचने का तरीका बदल लो। जीवनभर सबकी सहायता करने वाले तुम मृत्यु के बाद भी लकड़ी के रूप में अनेक कार्यों में काम आओगे।" यह नई बात सुनकर पेड़ खुश हो गया और मन की इस खुशी से उसके तन पर पुनः हरियाली आ गई और उसकी रौनक पहले जैसी हो गई। सार यह है कि यदि सोचने का नजरिया बदल लिया जाए, तो न केवल समस्या हल हो सकती है, बल्कि कई बार प्रतिकूलता अनुकूलता में बदल जाती है।

निम्नलिखित विकल्पों में से प्रत्येक प्रश्न के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए –

(i) हरा-भरा पेड़ खुशी-खुशी आश्रय और भोजन किन्हें देता था ?

(क) पक्षियों को | (ख) सज्जनों को
(ग) वृद्धों को | (घ) उपर्युक्त सभी विकल्प सही

(ii) पेड़ की सोच में परिवर्तन आया -

(क) पक्षियों को देखकर | (ख) मुसाफिरों की बातें सुनकर
(ख) सज्जन की बात सुनकर | (घ) पक्षियों के घोंसले देखकर

(iii) जीवन में प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूल कब बन जाती है ?

(क) नकारात्मक दृष्टिकोण होने पर | (ख) सत्य बोलकर
(ग) सकारात्मक दृष्टिकोण होने पर | (घ) समस्या के बारे में सोचकर

(iv) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढिए :

वाक्य

(i) सोचने का नजरिया बदलने पर समस्या का हल होता है।
(ii) हमें वृद्धों का साथ छोड़ देना चाहिए ।
(iii) हर परिस्थिति में सकारात्मक दृष्टिकोण होना चाहिए ।
(iv) केवल अनुकूल परिस्थियों में ही प्रसन्न रहना चाहिए।

गद्यांश से मिली सीख के आधार पर उचित विकल्प चुनिए :

(क) i, iii | (ख) ii, iv
(ग) ii, iii | (घ) i, ii

(v) कथन(A) और कारण(R) को पढ़कर सही उत्तर के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए –

कथन- (A) जब पेड़ हरा-भरा था तो बहुत खुश था।
कारण- (R) पेड़ मुसाफिरों को शीतल छाया देता था और सबकी मदद करता था।

विकल्प

(अ) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।
(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही सही हैं ।
(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) सही नहीं है।

## खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न-3.** दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – **(1x4)**

(i) विशेषण पदबंध का उदाहरण है -

(क) कक्षा में बैठे विद्यार्थी बातें कर रहे हैं। (ख) विदेश से आए लोग दिल्ली गए हैं।

(ग) मजदूर सुबह से शाम तक काम करता है। (घ) तेज़ चलने वाली बस की दुर्घटना हो गई।

(ii) 'बालक बहुत ज़ोर-से चिल्लाया।' रेखांकित में पदबंध का भेद है -

(क) विशेषण पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध

(iii) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित अंश से सर्वनाम पदबंध छाँटकर लिखिए -

(क) उसके जन्मदिन पर कोई नहीं आया। (ख) दूसरों को परेशान करने वाले दुखी रहते हैं।

(ग) परिश्रम करने वाले सफल होते हैं। (घ) खूब शोर करने वाले आज उपदेश क्यों दे रहे हैं ?

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण पदबंध पहचानकर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प को चुनिए –

वाक्य

(i) भला करने वाली आज आ गई है।

(ii) अच्छे कर्म करने वाले लोग प्रशंसा पाते हैं।

(iii) लोग परोपकार द्वारा आनंद प्राप्त किया करते हैं।

(iv) गीता ने लाल रंग की बनारसी साड़ी खरीदी।

विकल्प

(क) कथन (i) और (ii) सही हैं। (ख) कथन (i) और (iv) सही हैं।

(ग) कथन (ii) और (iv) सही हैं। (घ) कथन (ii), (iii) और (iv) सही हैं।

(v) 'ईमानदार और आज्ञाकारी सेवक खाना खा रहा है।' वाक्य से क्रिया पदबंध चुनें।

(क) ईमानदार और आज्ञाकारी (ख) सेवक खाना खा रहा है

(ग) खाना खा रहा है (घ) खा रहा है

**प्रश्न-4.** दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – **(1x4)**

(i) 'वह समाजसेवक है। वह गरीबों के हितार्थ कार्य करता है।' इन वाक्यों से बना मिश्रित वाक्य है –

(क) वह समाजसेवक है इसलिए गरीबों के हितार्थ कार्य करता है।

(ख) वह समाजसेवक होने के कारण गरीबों के हितार्थ कार्य करता है।

(ग) गरीबों के हितार्थ कार्य करता है क्योंकि वह समाजसेवक है।

(घ) समाजसेवक गरीबों के हितार्थ कार्य करता है।

(ii) 'घर जाकर अपना कार्य पूरा करो।' इसका संयुक्त वाक्य होगा -

(क) घर जाओ और अपना कार्य पूरा करो। (ख) घर जाने पर अपना कार्य पूरा करो।

(ग) घर पहुँचते ही अपना कार्य पूरा करो। (घ) जब घर जाओ, तब अपना कार्य पूरा करो।

(iii) 'प्रसन्नता के कारण उसकी आँखों में आँसू आ गए।' रचना के आधार पर वाक्य भेद क्या होगा ?

(क) मिश्र वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) सरल वाक्य (घ) निषेधात्मक वाक्य

(iv) 'माँ ने बेटे से फल लाने के लिए कहा।' वाक्य का मिश्र वाक्य रूपांतरण है-

(क) माँ ने कहा और बेटा फल लेकर आया। (ख) माँ ने कहा इसलिए बेटा फल लेकर आया।

(ग) माँ ने कहा कि बेटा फल लेकर आना। (घ) माँ के कहने पर बेटा फल लेकर आया।

(v) निम्नलिखित वाक्यों में से संयुक्त पहचानकर दिए गए दिए गए से सही विकल्प को चुनिए –

वाक्य

(i) गांधी जी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे।

(ii) सोहन ने गृहकार्य पूरा किया और सो गया।

(iii) चूँकि मैं बीमार हूँ इसलिए काम नहीं कर सकता।

(iv) वह आराम करना चाहता था लेकिन उसे बहुत काम करना था।

विकल्प

(क) (i) और (ii) सही हैं। (ख) (ii) और (iv) सही हैं।

(ग) (i) और (iv) सही हैं। (घ) (ii), (iii) और (iv) सही हैं।

प्रश्न-5. दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए – **(1x4)**

(i) 'वहाँ जाकर देखो सब आनंदमग्न होकर नाच रहे हैं।' रेखांकित समस्तपद का सही विग्रह है-

(क) आनंद और मग्न (ख) आनंद पर मग्न

(ग) आनंद को मग्न (घ) आनंद में मग्न

(ii) 'वीणापाणि' पद में समास का भेद है -

(क) अव्ययीभाव समास (ख) कर्मधारय समास

(ग) बहुव्रीहि समास (घ) द्वन्द्व समास

(iii) 'नीलगाय' समस्तपद का सही विग्रह है -

(क) नील और गाय (ख) नीली और गाय

(ग) नीली है जो गाय (घ) नील के लिए गाय

(iv) 'बिना लगाम के' का समस्त पद है -

(क) बेलगाम (ख) बिनलगाम

(ग) बिलगाम (घ) बेलिगाम

(v) निम्नलिखित सामासिक पदों और भेदों पर विचार कीजिए :

| खंड-अ | खंड-ब |
|---|---|
| (1) बाढ़पीड़ित | (i) द्विगु समास |
| (2) सतसई | (ii) द्वन्द्व समास |
| (3) चराचर | (iii) तत्पुरुष समास |
| (4) प्रतिदिन | (iv) अव्ययीभाव समास |

उपर्युक्त खंड-अ और खंड-ब का सही सुम्मेलित विकल्प है –

(क) 1-iii, 2-iv, 3-i, 4-ii

(ख) 1-iii, 2-i, 3-ii, 4-iv

(ग) 1-ii, 2-iv, 3-i, 4-ii

(घ) 1-iii, 2-ii, 3-i, 4-iv

**प्रश्न-6. दिए गए प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए –** **(1x4)**

**(i) 'ताज़महल की सुंदरता देखकर सोहन अपनी ……… बैठा।' रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त मुहावरा चुनिए -**

(क) चकमा देना | (ख) रंग जमाना
(ग) सुध-बुध खोना | (घ) धाक जमाना

**(ii) दीन-दुनिया से जाना' मुहावरे के अर्थ के लिए सही विकल्प क्या होगा ?**

(क) पूरी दुनिया घूमना | (ख) सबसे विलग होना
(ग) ऊँचाइयों को छूना | (घ) कहीं का न रहना

**(iii) 'तीर मार लेना' मुहावरे का अर्थ है -**

(क) तीर चलाने में कुशल होना। | (ख) कोई बड़ा काम कर लेना।
(ग) किसी को आहत करना । | (घ) तीर चलाकर किसी की मदद करना।

**(iv) 'बहुत क्रोध आना' के लिए उपयुक्त मुहावरा होगा -**

(क) खून जलाना | (ख) खून जमना
(ग) खून खौलना | (घ) खून बहाना

**(v) मुहावरे और उनके अर्थ पढ़कर उचित अर्थ वाले सही विकल्प का चयन कीजिए –**

(i) खुशी का ठिकाना न रहना – बहुत प्रसन्न होना
(ii) लोहे के चने चबाना – अधिक ज़िम्मेदारी होना
(iii) आड़े हाथों लेना – कोई चीज मुश्किल से खरीद पाना
(iv) हँसी-खेल होना- बहुत सरल होना

विकल्प

(क) i, iv | (ख) i, iii
(ग) i, ii | (घ) iii, iv

## खंड-ग (साहित्य)

**प्रश्न-7. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों (i से v तक ) के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए-** **(1x5)**

रहो न भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में,
सनाथ जान आपको करो न गर्व चित्त में।
अनाथ कौन है यहाँ ? त्रिलोकनाथ साथ हैं,
दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ हैं।
अतीव भाग्यहीन है अधीर भाव जो करे ,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।

**(i) 'अधीर' पद में कौन-सा समास है ?**

(क) तत्पुरुष समास | (ख) कर्मधारय समास
(ग) अव्ययीभाव समास | (घ) द्वन्द्व समास

(ii) प्रस्तुत पद्यांश से हमें सीख मिलती है -

(क) घमंड न करना। (ख) परोपकार करना।

(ग) मन में धीरता का भाव रखना। (घ) उपर्युक्त सभी विकल्प सही हैं।

(iii) कवि ने किसे भाग्यहीन माना है ?

(क) जिसके पास धन-दौलत है। (ख) जो अपने मन में अधीरता का भाव रखता है।

(ग) जो अपने परिवार के साथ है। (घ) जिसके पास कोई नहीं है।

(iv) कवि के अनुसार मनुष्य को किसके मद में अंधा नहीं होना चाहिए ?

(क) तुच्छ वित्त के (ख) लोभ के

(ग) चित्त के (घ) उपर्युक्त सभी विकल्प सही

(v) कथन(A) और कारण(R) को पढ़कर सही उत्तर के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए –

कथन(A) कवि ने धन को तुच्छ माना है।

कारण(R) धन स्थायी है और मनुष्य सनाथ है।

विकल्प

(क) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) भी सही है।

(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) सही नहीं है।

प्रश्न-8. (अ) 'पद' (मीरा) पर आधारित निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए - (1)

वाक्य

(i) मीराबाई के आराध्य देव श्री कृष्ण थे।

(ii) मीराबाई कवि रैदास की शिष्या थीं।

(iii) मीराबाई स्वयं को श्री कृष्ण की शिष्या मानती थीं।

(iv) मीराबाई की भक्ति दैन्य और माधुर्य भाव की है।

विकल्प

(क) (i) और (iii)

(ख) (i), (ii) और (iii)

(ग) (i), (ii) और (iv)

(घ) (i), (iii) और (iv)

(ब) कवि कबीर द्वारा अपनी साखियों में प्रयोग की गई भाषाओं के लिए सही विकल्प होगा – (1)

(क) अवधी, राजस्थानी (ख) बंगाली, पंजाबी

(ग) भोजपुरी, मराठी (घ) ब्रज भाषा और सिंधी

प्रश्न-9. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों (i से v तक) के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए- (1x5)

स्कूल का समय निकट था, नहीं ईश्वर जाने यह उपदेश-माला कब समाप्त होती। भोजन आज मुझे निः स्वाद-सा लग रहा था। जब पास होने पर यह तिरस्कार हो रहा है, तो फ़ेल हो जाने पर तो शायद प्राण ही ले लिए जाएँ। भाई साहब ने अपने दरजे की

पढ़ाई का जो भयंकर चित्र खींचा था, उसने मुझे भयभीत कर दिया। स्कूल छोड़कर घर नहीं भागा, यही ताज्जुब है, लेकिन इतने तिरस्कार पर भी पुस्तकों में मेरी अरुचि ज्यों-की-त्यों बनी रही। खेल-कूद का कोई अवसर हाथ से न जाने देता था। पढ़ता भी, मगर बहुत कम। बस, इतना कि रोज़ टास्क पूरा हो जाए और दरजे में ज़लील न होना पड़े। अपने ऊपर जो विश्वास पैदा हुआ था, वह फिर लुप्त हो गया और फिर चोरों का-सा जीवन कटने लगा।

(i) प्रस्तुत गद्यांश में कौन किसको उपदेश दे रहा है ?

(क) बड़ा भाई छोटे भाई को | (ख) छोटा भाई बड़े को
(ग) एक मित्र अपने भाई को | (घ) लेखक कथानायक को

(ii) उपदेश माला खत्म होने का कारण क्या था ?

(क) बात खत्म हो गई थी। | (ख) खाना खाने का समय हो रहा था।
(ग) विद्यालय का समय निकट था। | (घ) खेलने का समय था।

(iii) कथानायक के मन में स्कूल छोड़कर घर भाग जाने का विचार क्यों आया ?

(क) वह उपदेश सुनकर निराश था। | (ख) सिर्फ खेलना चाहता था।
(ग) वह हर साल फेल हो जाता था। | (घ) पढ़ाई के भयंकर चित्र से डर गया था।

(iv) उपर्युक्त गद्यांश में प्रयोग किया गया मुहावरा है -

(क) प्राण ले लेना | (ख) तिरस्कार होना
(ग) जलील होना | (घ) (क) और (ख) दोनों

(v) कथन(A) और कारण(R) को पढ़कर सही उत्तर के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए –

कथन (A)- इतने तिरस्कार पर भी पुस्तकों में अरुचि ज्यों-की-त्यों बनी रही।

कारण (R)- खेल-कूद में रुचि थी और खेल-कूद का कोई अवसर हाथ से न जाने देता था।

विकल्प

(क) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) भी सही है।
(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) सही नहीं है।

प्रश्न-10. (अ) सुभाष बाबू को पकड़कर कहाँ भेजा गया ? (1)

(क) दमदम जेल | (ख) धर्मतल्ला
(ग) लालबाज़ार लॉकअप | (घ) मुख्य बाज़ार

(ब) वामीरो की चारित्रिक विशेषताओं के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए – (1)

(क) भावुक | (ख) देशप्रेम का भाव
(ग) झगड़ा करने वाली | (घ) कठोर वाणी

प्रश्न-11. दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (3+3)

(क) किन बातों से पता चलता है कि आज जो बात थी वह निराली थी ?'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'बड़े भाई साहब का बचपन अदृश्य हो गया था।' अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

(ग) लोग क्यों मानते थे कि तताँरा की तलवार में अद्भुत शक्ति है और अंत में इस अद्भुत शक्ति को लेखक ने किस प्रकार दर्शाया ?

**प्रश्न-12.** दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – **(3+3)**

(क) कवि कबीर ने पाठागत साखियों के माध्यम से लोगों को क्या सीख दी है ? अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) मीराबाई को गिरधर की चाकरी करने से क्या-क्या लाभ प्राप्त होंगे ?

(ग) 'परमारथ के कारने, साधुन धरा सरीर।' इस पंक्ति को 'मनुष्यता' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न-13.** दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – **(3+3)**

(क) हरिहर काका के मामले में गाँव वालों की राय का कारण सहित उल्लेख करते हुए बताइए कि हरिहर काका ने अपनी ज़ायदाद के विषय में मन-ही मन क्या निश्चित कर लिया था ?

(ख) हरिहर काका के साथ लेखक के संबंधों का उल्लेख करते हुए यह बताइए कि बाद में हरिहर काका ने सबसे बात करनी बंद क्यों कर दी थी ?

(ग) 'समय बदल रहा है रिश्तों की मर्यादा समाप्त होती जा रही है। लोग लालची और स्वार्थी बन चुके हैं लेकिन आज भी कुछ लोग हैं जो रिश्तों को महत्त्व देते हैं।' 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

## खंड 'घ' (लेखन)

**प्रश्न-14.** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए – **(5)**

(क) भारत विकास की ओर

- कृषि और उद्योग में प्रगति
- शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति
- अन्य उपलब्धियाँ

(ख) विज्ञान के आधुनिक चमत्कार

- मानव जीवन और विज्ञान
- आधुनिक आविष्कार
- लाभ-हानि

(ग) विविधता में एकता बिखेरते भारत के राष्ट्रीय पर्व

- प्रस्तावना
- राष्ट्रीय पर्व का अभिप्राय
- एकता के प्रतीक

**प्रश्न-15.** आपका टेलीफोन खराब है। टेलीफोन निगम के महाप्रबंधक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। **(5)**

**अथवा**

अपने क्षेत्र में रिक्त पड़े स्थान पर वृक्षारोपण के लिए सुझाव देते हुए वन विभाग के निदेशक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न-16.** आपका नाम रजत / रजनी है। आप निजी बैंक यमुना नगर, दिल्ली के शाखा प्रबंधक हैं। आप अपनी बैंक में दिनांक 30 सितंबर 2022 को 'पहचान-पत्र' बनवाने हेतु एक शिविर लगवा रहे हैं। सभी कर्मचारियों को इसकी पूर्ण जानकारी देते हुए लगभग 80 शब्दों में एक सूचना जारी कीजिए। **(4)**

**अथवा**

माध्यमिक विद्यालय अपने छात्रों की कला संबंधी अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के लिए कला-प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। कला विभाग के सचिव की ओर से लगभग 80 शब्दों में एक सूचना जारी कीजिए।

**प्रश्न-17.** 'खिलौना भंडार' पर 20 % की छूट के बारे में बताते हुए लगभग 60 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **(3)**

**अथवा**

बच्चों की नई पत्रिका 'दादी माँ का चुनमुन' के प्रचार हेतु लगभग 60 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**प्रश्न-18.** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। **(5)**

(क) मैं पुस्तक (ख) एक परोपकारी राजा

*************************